एक नजर में

मेंटनेंस के कारण आज बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 5 अगस्त को 33/11 केव्ही कोसमी उपकेंद्र के 11 केव्ही रामनगर फीडर का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के चलते बुधवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही रामनगर फीडर के गर्ग कॉलोनी, अचलपुर नाका, रामनगर, पटवारी कॉलोनी जय प्रकाश वार्ड, उदय परिसर, डान बॉस्को, खाकरा जामठी आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-1 के प्रबंधक ने बताया कि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से विद्युत कटौती के समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

संपर्क अभियान के तहत आयोजित होंगे शिविर

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से संपर्क अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-1 के प्रबंधक ने बताया कि 6 अगस्त को सिल्वर स्टेट लॉन नागदेव मंदिर खंजनपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में अर्जुन वार्ड के उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं 10 अगस्त को आंगनवाड़ी केंद्र विवेकानंद वार्ड बैतूल में सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में विवेकानंद वार्ड के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं का निराकरण होगा। इसके अलावा 12 अगस्त को इंडस्ट्रियल एरिया कोसमी बैतूल में सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में इंडस्ट्रियल एरिया कोसमी के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

सामाजिक जन कल्याण समिति की बैठक आज

बैतूल। सामाजिक जन कल्याण समिति जिला बैतूल की महत्वपूर्ण बैठक आज 5 अगस्त बुधवार को सुबह 11 बजे शहीद भवन में आयोजित होगी। समिति अध्यक्ष सूरजलाल मण्डलेकर की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में समाज सेवा से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने, महिला मंडल के विस्तार और संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की जाएगी। समिति के सचिव शिवदयाल चौकीकर ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के जरूरतमंद विद्यार्थियों को कॉपी-पेन वितरित करने की योजना पर निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा वृद्धाश्रम में भोजन दान जैसे सेवा कार्यों के आयोजन पर भी विचार-विमर्श होगा, ताकि समाज के जरूरतमंद वर्ग तक समिति की सेवाएं प्रभावी ढंग से पहुंच सकें। समिति अध्यक्ष सूरजलाल मण्डलेकर ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों से समय पर बैठक में उपस्थित होकर संगठन की भावी योजनाओं को सफल बनाने में सहभागिता निभाने की अपील की।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स की बैठक स्थगित

बैतूल। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की 5 अगस्त 2026 को प्रस्तावित नियमित मासिक बैठक एवं सेवा निवृत्ति सम्मान कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष जगन्नाथ पाठेकर एवं सचिव शिवचरण हजारे ने बताया कि कार्यक्रम की आगामी तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

रजि नं. 3151
महाराष्ट्र गव्हर्मेंट
विदर्भ नर्सेस असोसिएशन
नागपुर

मेयो-मेडिकल में नर्सों का 2 घंटे काम बंद

विविध मांगों को लेकर किया आंदोलन

नागपुर, महानगर संवाददाता. महाराष्ट्र गवर्नमेंट नर्सेज फेडरेशन की ओर से विविध मांगों को लेकर मंगलवार को मेडिकल ?, मेयो, डागा, प्रादेशिक रुग्णालय और आंबेडकर हॉस्पिटल में 2 घंटे का काम बंद आंदोलन किया गया. यह आंदोलन जनस्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभागों में नर्सिंग कैडर के लिए संशोधित सेवा प्रवेश नियमों, संशोधित स्टाफिंग पैटर्न, प्रमोशन की प्रक्रियाओं और सीधी भर्ती को तुरंत अंतिम रूप देने की मांग को लेकर किया गया. सुबह के वक्त किये गये आंदोलन के चलते स्वास्थ्य सेवा पर असर पड़ा.

महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने 2 जून 2025 के सरकारी प्रस्ताव संख्या एसआरवी-2025/ फाइल संख्या 129/ स्द्दह्ल1द्बष्द्ध के तहत सेवा-संबंधी मामलों के लिए 150 दिनों का कार्यक्रम घोषित किया था. इस प्रस्ताव में सभी विभागों को निर्देश दिया गया था कि वे सेवा प्रवेश नियमों, संशोधित स्टाफिंग पैटर्न, प्रमोशन, खाली पदों पर भर्ती और सेवा से जुड़े अन्य लंबित मामलों जैसे कार्यों को 150 दिनों की तय समय-सीमा के भीतर पूरा करें. इस कार्यक्रम की समय-सीमा 2 अक्टूबर 2025 को समाप्त हो गई, फिर भी नर्सिंग कैडर से जुड़े अहम मामले आज भी लंबित हैं. हजारों नर्सें प्रमोशन से वंचित हो रही हैं क्योंकि संशोधित सेवा प्रवेश नियमों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है. संशोधित स्टाफिंग पैटर्न को मंजूरी न मिलने के कारण बड़े पैमाने पर पदों के सृजन और भर्ती का काम रुका हुआ है जिससे मौजूदा नर्सों पर काम का बोझ और तनाव बढ़ गया है. नतीजतन मरीजों की देखभाल पर भी बुरा असर पड़ रहा है. आंदोलन में शारदा भुते, लीना धुर्वे, म्रगेंद्र तेले, पूनम जांभूलकर, प्रवीण पैठणे, नीलिमा झामरे, कमलेश ताजने, प्रतिभा व अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया.

अहमदाबाद एक्स. में पकड़ा 2 लाख का गांजा

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. मध्य रेल नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ट्रेन 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस में एक लावारिस बैग में 4.15 किग्रा गांजा जब्त किया. इसकी कुल कीमत 2,07,500 रुपये आंकी गई. जानकारी के अनुसार, आरपीएफ की अपराध खुफिया शाखा के उपनिरीक्षक पंकज शर्मा, अजय सिंह, सचिन लोनाबले, हरविंदर सिंह, जसबीर सिंह तथा डॉग हैंडलर आरक्षक नीरज शर्मा, मादक पदार्थ खोजी श्वान प्रिंस के साथ नागपुर रेलवे स्टेशन पर अपराध नियंत्रण एवं निगरानी ड्यूटी पर तैनात थे. दोपहर करीब 3.30 बजे उक्त ट्रेन प्लेटफॉर्म 3 पर पहुंची. इसी दौरान प्लेटफार्म 2 व 3 के इटारसी छोर पर फुटओवर ब्रिज की सीढ़ियों के पास एक बैंगनी रंग का लावारिस पिट्ठू बैग दिखाई दिया. आसपास उपस्थित यात्रियों से पूछताछ करने पर बैग का कोई भी दावेदार सामने नहीं आया. इसके बाद मादक पदार्थ खोजी श्वान प्रिंस द्वारा बैग की जांच कराई गई, जिसने मादक पदार्थ होने का सकारात्मक संकेत दिया. तलाशी लेने पर बैग में खाकी टेप से लिपटे 2 पैकेट में कुल 4.15 किलोग्राम गांजा पाया गया. इसकी कुल कीमत ?2,07,500 रुपये आंकी गई. तुरंत ही सारा माल जब्त कर आगे की कार्यवाही के लिए लोहमार्ग पुलिस को सौंप दिया गया. उक्त कार्रवाई सीनियर डीएससी मनोज कुमार और सीआईबी निरीक्षक अंबावत के मार्गदर्शन में पूरी की गई. जांच जारी है.

डॉक्टरों ने बंद रखी 24 घंटे ओपीडी

BHMS डॉक्टरों को MMC पंजीकरण देने के प्रस्ताव का विरोध

नागपुर, महानगर संवाददाता. महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल (एमएमसी) की ओर से सीसीएमपी पाठ्यक्रम पूरा कर चुके बीएचएमएस डॉक्टरों को पंजीकरण देने के प्रस्ताव के विरोध में राज्य के चिकित्सा क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के बैनर तले सिटी सहित जिले में प्राइवेट अस्पतालों में 24 घंटे ओपीडी बंद रखी गई. दिनभर ओपीडी बंद होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा. कई जगह डाक्टर नहीं होने से मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा. बाहर से आने वाले मरीजों को दिक्कतें आईं.

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार बीएचएमएस डॉक्टरों को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के लिए महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल का पंजीकरण देने का प्रस्ताव मरीजों की सुरक्षा और प्रमाण-आधारित आधुनिक चिकित्सा उपचार के दृष्टिकोण से गंभीर विषय है. आईएमए अध्यक्ष डॉ. सचिन गाठे ने बताया कि मंगलवार की सुबह 6 से 5 अगस्त को सुबह 6 बजे तक 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं बंद रखीं जाएंगी. इस दौरान कई निजी क्लीनिक और अस्पतालों में नियमित ओपीडी एवं अन्य गैर-आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हुई. ?इस बीच आईएमए के एक शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री की ओएसडी आशा पठान को एक ज्ञापन भी सौंपा. साथ ही आईएमए कार्यालय में डॉक्टरों की बैठक और प्रदर्शन आयोजित किया गया. आंदोलन को समर्थन देने के लिए शहर के बड़ी संख्या में डॉक्टर शामिल हुए. हालांकि इमरजेंसी सेवा शुरू रखी गई थी, इस वजह से गंभीर मरीजों की सेवा में व्यवधान नहीं आया. यदि सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो भविष्य में इमरजेंसी सेवा बंद करने का भी निर्णय लिया जा सकता है.

ई-अटेंडेंस के खिलाफ काली पट्टी बांधकर शुरू किया विरोध

बैतूल। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई ई-अटेंडेंस ई-एचआरएमएस व्यवस्था के विरोध में मध्यप्रदेश के कृषि विस्तार अधिकारियों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। म.प्र. कृषि विस्तार अधिकारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू हो गया है। बैतूल जिले के समस्त विकासखंडों में अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का पूर्ण बहिष्कार शुरू कर दिया। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 10 अगस्त तक सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो 11 अगस्त से पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ जिला इकाई बैतूल के अध्यक्ष भूपेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि कृषि विस्तार अधिकारियों कार्य पूरी तरह फील्ड आधारित है। उन्हें सुबह 6 बजे से लेकर रात 11 बजे तक किसानों के बीच रहकर खेतों और गांवों में कृषि योजनाओं का क्रियान्वयन करना पड़ता है। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में उनके लिए न तो स्थायी सरकारी कार्यालय उपलब्ध हैं और न ही आवश्यक मूलभूत सुविधाएं। ऐसे में मुख्यालय पर पहुंचकर ई-अटेंडेंस दर्ज करना व्यवहारिक और तकनीकी रूप से संभव नहीं है। अधिकारियों ने विशेष रूप से महिला कर्मचारियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया है। उनका कहना है कि देर रात तक दूरस्थ क्षेत्रों में कार्य करने के दौरान असामाजिक तत्वों का खतरा बना रहता है। संघ ने सरकार द्वारा दिए जा रहे मात्र 630 रुपये के साइकिल भत्ते को भी अव्यावहारिक बताया है। अधिकारियों का कहना है कि उन्हें हर महीने 40 से 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित 20 से 30 गांवों का नियमित भ्रमण करना पड़ता है, उपलब्ध संसाधन वास्तविक जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं।

दूसरे दिन भी जारी रही पटवारी संघ की हड़ताल

बैतूल। मध्य प्रदेश पटवारी संघ की प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल आज दूसरे दिन भी पूरे प्रदेश सहित जिला बैतूल में जारी रही। अपनी लंबित मांगों को लेकर पटवारी लगातार आंदोलनरत हैं। हड़ताल के दूसरे दिन पटवारी संवर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक खबर सामने आई है। सरकार द्वारा पटवारी संघ की दो मांगों को स्वीकार कर लिया गया है। पहली, पटवारी संवर्ग को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल किए जाने की मांग स्वीकार की गई है। दूसरी, विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं अन्य कार्यों के भुगतान संबंधी मांग पर भी सहमति प्रदान की गई है। शासन द्वारा इस संबंध में लिखित आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। हालांकि, पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि संवर्ग की सबसे महत्वपूर्ण मांगें, जिनमें कैडर रिव्यू एवं उच्च पदों पर समयबद्ध पदोन्नति प्रमुख हैं, अभी भी लंबित हैं। इन मांगों के निराकरण तक अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल के चलते जिला बैतूल सहित प्रदेशभर में अनेक राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व अभिलेखों का संधारण एवं अद्यतन तथा अन्य पटवारी स्तर के दैनिक कार्य व्यापक रूप से ठप पड़े हैं।

योगासन प्रतियोगिता में जिला स्तर के लिए विद्यार्थी चयनित

मुलताई। नगर के न्यू कार्मल स्कूल में मंगलवार को विकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ न्यू कार्मल स्कूल के संचालक अनीश नायर, सेवानिवृत खेल शिक्षाक महेश खत्री द्वारा किया गया।विकास खण्ड खेलकूद प्रभारी कामना साबले ने बताया प्रतियोगिता मे सांदीपनी स्कूल ,पीश्री कन्या मुलताई,शासकीय नवीन हायर सेकेण्डरी मुलताई, वीआईपी स्कूल,न्यू कार्मल हेटीखापा,वलनी,आरडी स्कूल, बरखेड , हेटी, चौथिया,जौलखेडा के बालक,बालिकाओ ने भाग लिया, छात्रो को संबंधित करते हुए न्यू कार्मल स्कूल के प्राचार्य,अनीश नायर ने बताया आज के व्यस्त जीवन मे योग, प्राणायाम जरूर करनी चाहिए। वही खेल शिक्षक महेश खत्री ने बताया पहला सुख निरोगी काया सभी छात्रो और सभी परिवारो मे अगर स्वस्थ रहना है तो सुबह एक घण्टा रोज योगासन,प्राणायाम करना चाहिए। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने मे खेल शिक्षिका अर्चना महाते,ममता पवार, गीता गायकवाड,स्वाती कंडारी,मीठू राय,संगीता पवांर,विमला परिहार,सरिता चंदेलकर,संचिता जैन,सलोन धोटे,नम्रता पवार, शिक्षक अरूण उइके, हेमंत महस्की,रोशन कौशिक,गजेन्द्र सूर्यवंशी का सहयोग रहा।

मुलतापी महाविद्यालय में अनियमितता की हो जांच

मुलताई। नगर मे स्थित मुलतापी महाविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर कलेक्टर को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपकर कार्रवाई की मांग की है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर मंत्री प्रणव पवार द्वारा की गई शिकायत में आरोप लगाया की मुलतापी महाविद्यालय एक छोटे से परिसर में आईटीआई, डीएड, बीएड एवं अन्य कोर्स संचालित करता है,कोर्स केवल दो कमरों में चलते है। महाविद्यालय में पार्किंग की सुविधा व प्रैक्टीकल कोर्सेज की लेब की कक्षाएं नहीं लग रही। बीएड, डीएड के एक भी छात्र कॉलेज में नियमित नहीं आते केवल पेपर कराने का कार्य करते है। नियमित कक्षाएं नहीं लगती शिक्षक सिर्फ कागजों में हैं। वास्तव में महाविद्यालय में कोई भी शिक्षक नहीं है। सिर्फ एडमिशन करने वाले लोग है।महाविद्यालय द्वारा नियमावली से अधिक फीस वसूल कर कालाबाजारी की जाती है। सीएलसी राउंड में जब ये सीटें खाली रह जाती हैं तो कॉलेज स्तर की काउंसलिंग राउंड में ऑनलाइन प्रवेश का अधिकार कॉलेज प्रशासन के हाथों में आ जाता है। ज्ञापन में कालेज प्रशासन पर सीटों को प्रति सीट 1लाख रुपए तक बेचने के आरोप लगाए है। ज्ञापन में छात्र हित में जांच समिति बनाकर कार्रवाई की मांग की है. कार्रवाई नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी और मुलतापी कालेज के प्राचार्य अनुप कुमार बनखेडे ने थाने में शिकायत कर बताया ग्राम परमंडल निवासी युवक के साथ 4 लोग कार से सोमवार शाम करीब 7 बजे आए और घर से बाहर बुलाकर एडमिशन देने के दबाव बनाया। जो कि शराब का सेवन कर गाली गलोज कर देख लेने की धमकी दी। जबकि डी.एल.एड. पाठयकम के एडमिशन मैरिड लिस्ट के आधार पर आनॅलाइन होते है, जो अपने आप को एबीवीपी बता रहे थे।

सारनी से सलैया तक खुलेआम हो रहा कबाड़ का कारोबार

पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा तिगड्डा और सलैया मेन रोड सहित विभिन्न स्थानों पर खुलेआम संचालित बताए जा रहे कबाड़ कारोबार को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि कुछ स्थानों पर कबाड़ का संग्रहण और भंडारण आवश्यक अनुमति एवं नियमों की अनदेखी कर किया जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से सभी कबाड़ केंद्रों की जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि संबंधित प्रतिष्ठानों के पास नगर पालिका का आवश्यक लाइसेंस, व्यवसाय संचालन की अनुमति, भूमि उपयोग संबंधी स्वीकृति तथा अन्य जरूरी दस्तावेज हैं या नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। यदि कबाड़ में ई-वेस्ट या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अवशेषों का संग्रहण अथवा प्रसंस्करण किया जा रहा है तो संबंधित नियमों के तहत आवश्यक पंजीयन और अनुमति की भी जांच जरूरी है। वहीं, कबाड़ कारोबारी अबरार खान व जुनेद ,बाबा,बाजी लगातार शहर में कबाड़ संचालन करते हुए देखे जा रहे हैं इन कबाड़खानों की आड़ में चोरी का लोहा, सरकारी अथवा औद्योगिक संस्थानों की सामग्री खरीदी-बेची तो नहीं जा रही, यह भी जांच का अहम विषय है।

घटिया निर्माण की शिकायत पर ठेकेदार ने दी धमकी

मुलताई। नगर के एआईएमआईएम पार्टी से विधानसभा अध्यक्ष अल्ताफ अहमद ने सूर्य नारायण सरोवर में चल रहे निर्माण कार्य में अनियमितताओं और घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए पुलिस एवं नगर पालिका प्रशासन को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।अल्ताफ ने बताया कि वे सूर्य नारायण सरोवर में चल रहे निर्माण कार्य देखने पहुंचे तो निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार दिनेश सरोदे और उसके साथियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की, जातिसूचक शब्द कहे तथा जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें दोबारा मौके पर आने पर जान से खत्म कर देने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी गई।इस संबंध में उन्होंने थाना प्रभारी मुलताई को ज्ञापन देकर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।वहीं उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष नीतू सिंह परमार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देकर में आरोप लगाया कि सूर्य नारायण सरोवर में निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है।

जिले में 9 से 17 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

बैतूल। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति की भावना तथा नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले में तिरंगा से प्रेरित कला प्रदर्शनियां, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली, तिरंगा बुनाई, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, तिरंगे के लिए स्वयंसेवा, तिरंगा सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था, सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों के सम्मान में पत्र लेखन, तिरंगा संगीत कार्यक्रम तथा नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा बाइक, ई-बाइक एवं साइकिल रैली, तिरंगा यात्रा, मानव श्रृंखला, तिरंगा एंथम तथा तिरंगा ध्वज विक्रय जैसे कार्यक्रम भी उच्च जनभागीदारी के साथ आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय स्व-सहायता समूहों एवं उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से आम नागरिकों के लिए खादी एवं पॉलिएस्टर के राष्ट्रीय ध्वज की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के डिजिटल स्वरूप को भी विशेष महत्व दिया गया है। नागरिकों को तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड करने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। घरों, कार्यालयों एवं वाहनों पर तिरंगा फहराने तथा तिरंगे की अधिकतम दृश्यता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। 14 अगस्त 2026 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संवेदनशील एवं गरिमामय स्वरूप में मनाया जाएगा।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर विशेष आयोजन

इस वर्ष राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासकीय कार्यक्रमों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक सभाओं में जहां राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान दोनों प्रस्तुत किए जाएंगे, वहां पहले वंदे मातरम तथा उसके बाद राष्ट्रगान जन गण मन का गायन किया जाएगा। शासकीय कार्यालयों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रगीत के निर्धारित छंदों का शुद्ध एवं गरिमापूर्ण गायन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी प्रत्यक्ष आयोजनों में राष्ट्रीय ध्वज का प्रदर्शन अथवा ध्वजारोहण भी किया जाएगा।

जनसुनवाई

चिचोली में कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

विद्युत कनेक्शन में लापरवाही पर जूनियर इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को चिचोली जनपद कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क, नाली, बिजली, अतिक्रमण, राजस्व, सीमांकन, पारिवारिक विवाद से जुड़ी शिकायतों को लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने चिचोली जनपद से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर आवेदकों की उपस्थिति में सुनवाई की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं धनियाजाम पंचायत की शिकायतों की कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा एडिशनल सीईओ को जांच करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने लगभग 123 आवेदनों पर सुनवाई की। जनसुनवाई में ग्राम चूड़ियां निवासी सालकराम यादव ने कृषि भूमि पर विद्युत कनेक्शन लगवाए जाने आवेदन दिया। आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुन कलेक्टर ने लापरवाही पर संबंधित जूनियर इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई करने और शीघ्र कनेक्शन देने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम चूड़िया के ग्रामीणों ने बिजली विभाग द्वारा सड़क पर खंबे गाड़ने से आवागमन बाधित होने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने एमपीईबी के अधिकारियों को बिजली पोल शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम जीन निवासी धर्मेंद्र धोटे द्वारा बिजली पोल लगाए जाने की आवेदन पर कलेक्टर ने एमपीईबी के जीएम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम गोंडूमंडई के किसानों ने एलटी लाइन के तार चोरी होने, ट्रांसफार्मर बंद होने और फसल नुकसान की शिकायत की। प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित थाना प्रभारी को विद्युत तार चोरी के मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा विद्युत विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



ग्रामीणों ने की पुल और बैराज बनाने की मांग

जनसुनवाई में ग्राम चूड़िया के ग्रामीणों द्वारा मोरण्ड एवं कोंढर नदी पर पुल निर्माण किए जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने पीएमजीएसवाई के अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार रामकिशन यादव द्वारा मोरण्ड नदी पर बैराज बनाने के आवेदन पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के ईई को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गंगाराम द्वारा भूमि से संबंधित जानकारी दस्तावेज एवं भूमि जांच करवाए जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने वन विभाग को जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

संगठन को मजबूत करने की सौंपी जिम्मेदारी

सारनी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक स्तर पर नव नियुक्त पदाधिकारीयो को वार्ड स्तर में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक हुई। सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने वार्ड में सक्रिय रहकर संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने एवं मतदाताओं से सतत संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके-अपने बूथों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों को अपने-अपने बूथ की मतदाता सूची का गहन निरीक्षण कर नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, पात्रता समाप्त होने पर नाम हटाने तथा आवश्यक संशोधन कराने की जिम्मेदारी दी गई। श्री भारती ने सभी पदाधिकारियों को प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस संगठन को सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए नियमित जनसंपर्क करने के लिए डोर टू डोर जाना है। इस अवसर पर पीसीसी डेलीगेट एवं जिला उपाध्यक्ष तिरुपति अरोलू, सुरेश पांड्या, प्रदीप नागले, गोविंदा अरोलू,मंडलम अध्यक्ष हेमन्त धोटे, मंडलम अध्यक्ष राफे बक्स, जिला महा सचिव वसीम खान, हरीश पाल, विलाश लोनारे, माया वर्मा, संदीप मस्की, दीपक ठाकरे, सुनील भलावी, पिंटू मालवीय, गजेंद्र धोटे, अरविंद सिंह, देवेंद्र उइके, ममता साहू, शोभा दत्ता, नथुनिया बाई एवं अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारि उपस्थित रहे।

कांग्रेस कार्यालय
सारनी